हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

संविधान सम्मत हल

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर के लिए संघर्ष की इस परिणति ने दिखा दिया कि समस्याओं का हल लोकतांत्रिक संविधान सम्मत तरीके से कैसे किया जाता है।

गुरुवार, 06 अगस्त 2020, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

मर्यादा का मंदिर

जासु बिरहं सोचहु दिन राती। रटहु निरंतर गुन गन पांती॥
रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता। आयउ कुसल देव मुनि त्राता॥

भावार्थ:-जिनके विरह में आप दिनरात सोचते रहते हैं। जिनके गुण समूहों की पंक्ति को आप निरंतर रटते हैं, वे रघुकुल के तिलक,सज्जनों को सुख देने वाले और देवता,मुनि के रक्षक श्रीराम सकुशल आ गए॥ (उत्तर कांड से)

(उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ट्वीट)

11 किलो चांदी की ईंट भेंट करने का संकल्प लिया

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी के राधे कृष्ण मंदिर में राम दरबार में 11 किलो चांदी की ईट की पूजा की गई। इस दौरान ग्रुप ने राम मंदिर में चांदी की ईट को भेंट करने का निर्णय लिया। सुबह 10 बजे हुई पूजा अर्चना से माहौल राममय हो गया। गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ और डायरेक्टर मंजू गौड़ भी उपस्थित रहीं। श्रीराम के पूजन के साथ हनुमान चालीसा और भगवान की आरती की गई। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि राम मंदिर निर्माण का स्वागत करते हैं।